ACE/No/Gen/24-25/045

NB/WB

युवा-शिक्षा-अवसर

दैनिक भास्कर जोधपुर, शनिवार, 19 अक्टूबर 2024

भास्कर की मुहिम से बड़ा बदलाव • जेएनवीयू के यूजी व पीजी सेमेस्टर्स के 1.50 लाख स्टूडेंट्स को मिली राहत

जेएनवीयू: यूजी व पीजी के सभी सेमेस्टर्स के मिड टर्म में 20 अंक और 3 यूनिट का पैटर्न लागू, 80 अंकों का ही होगा मेन एग्जाम

12 अक्टूबर

एजुकेशन रिपोर्टर | जोधपुर

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में अब नई शिक्षा नीति के तहत यूजी व पीजी कक्षाओं के सभी सेमेस्टर्स के लिए मिड टर्म और मेन एग्जाम की एग्जामिनेशन स्कीम में बदलाव लागू किया है। इससे करीब 1.50 लाख स्टूडेंट्स को राहत दी गई है। नई एग्जामिनेशन स्कीम के तहत मिड टर्म एग्जाम 30 के बजाय 20 अंकों का ही होगा। इसके अलावा मिड टर्म टेस्ट में भी 5 यूनिट के बजाय 3 यूनिट ही आएंगे। उधर, यूजी व पीजी के सभी सेमेस्टर्स में 70 की बजाय 80 अंकों का मेन एग्जाम का पैटर्न लागू किया गया है। नई एग्जामिनेशन स्कीम के संबंध में कमेटी की रिपोर्ट के बाद में कुलपति प्रो. केएल श्रीवास्तव ने 12 (5) के विशेषाधिकार से एप्रूव कर लागू कर दिया है।

जेएनवीयू में 30 अंक मिड टर्म और 70 अंक मेन एग्जाम में निजी व सरकारी कॉलेजों में मिड टर्म अंकों की बंदरबांट हो रही थी। 90 से 100 प्रतिशत तक मिड टर्म के अंक दिए जा रहे थे। विवि संकायों के स्टूडेंट्स के कम अंक आ रहे थे। मिड टर्म में न्यूनतम अंक नहीं आने से 30 से 40 प्रतिशत स्टूडेंट्स परीक्षा से बाहर हो रहे थे। इसके संबंध में दैनिक भास्कर की मुहिम के बाद में पहले जेएनवीयू ने केवल यूजी व पीजी प्रथम सेमेस्टर में बदलाव कर दिए थे। इसके बाद में भी भास्कर के सभी सेमेस्टर्स के स्टूडेंट्स की पीड़ा उजागर कर बदलाव की दरकार जताई थी।

20 अंक का मिड टर्म, 50% अंकों के प्रजेंटेशन व वायवा

जेएनवीयू में अब लागू नई एग्जामिनेशन स्कीम से यूजी व पीजी के समस्त सेमेस्टर्स में अध्ययनरत स्टूडेंट्स के लिए 20 अंकों का ही मिड टर्म होगा। इसके लिए 100 अंकों की परीक्षा व प्रजेंटेशन ली जाएगी। इन 100 अंकों को 20 प्रतिशत अंक, यानि 20 अंकों में कन्वर्ट किया जाएगा। कुल 100 अंकों के विभाजन में अब 50 अंकों की मिड टर्म लिखित परीक्षा ली जाएगी। 30 अंकों की क्विज, प्रोजेक्ट या सेमिनार प्रजेंटेशन ली जाएगी। वहीं 20 अंकों का वायवा और असाइनमेंट व फील्ड वर्क होगा। इस तरह से कुल 100 अंकों में से स्टूडेंट्स के 50 प्रतिशत अंक, यानि 50 अंक प्रजेंटेशन और वायवा के हो जाएंगे। 50 प्रतिशत अंक, यानि कि 50 अंक ही लिखित परीक्षा के होंगे। नए पैटर्न से स्टूडेंट्स के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आसान होगा।

मिड टर्म में 3 यूनिट आएंगे, 2 घंटे का एग्जाम

नई एग्जामिनेशन स्कीम के तहत अब मिड टर्म एग्जाम में 5 यूनिट के बजाय 3 यूनिट ही आएंगे। वहीं 50 अंकों का मिड टर्म एग्जाम भी 3 के बजाय केवल 2 घंटे का ही होगा। एग्जाम से प्रथम 3 यूनिट में से ही सवाल पूछे जाएंगे। इसमें सेक्शन ए में 10 सवाल 2 अंकों के यानि कुल 20 अंकों के सवाल आएंगे। सेक्शन बी में प्रत्येक यूनिट में से 2 सवाल यानि कुल 6 सवाल आएंगे। इनमें से कोई 3 सवाल हल करने होंगे। 3 सवाल प्रत्येक 10 अंकों के यानि कि कुल 30 अंकों के सवाल होंगे।

मिड टर्म के अंक जोड़ 100 अंकों के आधार पर जारी होगा रिजल्ट

नई स्कीम के तहत अब कुल 80 अंकों की मुख्य परीक्षा होगी। इसमें 2 अंकों के 10 सवाल, यानि कुल 20 अंकों के सवाल आएंगे। वहीं 12 अंकों के 5 सवाल परीक्षा यानि कि कुल 60 अंकों के सवाल आएंगे। ऐसे में कुल 80 अंकों की परीक्षा ली जाएगी। लिखित परीक्षा के बाद में मिड टर्म के अंक जोड़कर 100 अंकों के आधार पर रिजल्ट जारी होगा।

■ यूजी व पीजी के सभी सेमेस्टर्स में अब एग्जाम पैटर्न बदल गए हैं। कमेटी रिपोर्ट के आधार पर नोटिफिकेशन जारी किया गया है। – प्रो. सुनील आसोपा, अधिष्ठाता लॉ फैकल्टी और संयोजक कमेटी